Book Ad Any category of Classified and get special Discount
Times of india/ Hindustan times/ Denik jagran / Amar ujala/ Navbharat times Hindustan hindi
Discount Code TBC10
Contact:
Kunika Advrtising
Plot no,516. sector-12 friends co-operative society vasundhara ghaziabad
Mo. 8130640000

Year-14 issue- 03
RNI.NoUPBIL/2009/28691
DAVP Code:101473

Page 8/ Ghaziabad ,Sunday, 19 june 2022
13 june to 19 june 2022
Postal Registration No.UP/GZB- 80/2016-18
Mo.9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

Page 02 शराब तस्करों के खिलाफें ...



Page 05 नरसिंहानंद ने एसडीएम को सौंपी ...



Page 06 दिलीप साहब के लिए ...



# भार्गव परिवार ने पुण्यतिथि पर लगाया भंडारा

## परमपूज्यनीय माताश्री व समाजसेविका सविता भार्गव को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर-12 फ्रेंड्स को-आपरेटिव सोसायटी में शनिवार को समाजसेविका स्वर्गीय सविता भार्गव की प्रथम पुण्यतिथि पर भंडारे का आयोजन किया गया। भार्गव परिवार की ओर से विधिवत पूजा अर्चना और भगवान को भोग लगाकर भंडारे की शुरुआत हुई।

सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारे में आकर हलवा, पूरी व आलू की सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले भार्गव परिवार ने समाजसेविका स्वर्गीय माताश्री सविता भार्गव को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन की अध्यक्ष कुनिका भार्गव और रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर के अध्यक्ष प्रतीक भार्गव ने भी पुण्यतिथि पर स्वर्गीय सविता भार्गव को याद किया और जीवन भर परिवार के उत्थान के लिए किए गए उनके कार्यों को सराहा। इस दौरान





आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर डॉ धीरज भार्गव और डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष मनीषा भार्गव ने कहा कि स्वर्गीय सविता भार्गव ने इस परिवार को अपने संस्कारों और परिश्रम से सींचा है और हम सदैव उनके बताए हुए रास्ते पर चलते रहेंगे।

उन्होंने हमें जो समाज व राष्ट्रसेवा की शिक्षा दी है उसका सदैव अनुसरण करते रहेंगे। उन्होंने समाजसेविका सविता भार्गव के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया और उनके समाज के हित में किए गए कार्यो को याद किया।

इस मौके पर रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अशोक अग्रवाल, अखिलेंद्र गर्ग, प्रेम महेश्वरी, सुनील गौतम, निशा माहेश्वरी, सुबोध त्यागी, सूरज भट्ट, मृत्यंजय सिंह, श्रेय पसारी, डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, अनिता बंसल, संजय बंसल, विनय भार्गव, विजय भार्गव, तान्या भार्गव आदि ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

इसके बाद परम पूज्य माता स्वर्गीय सविता भार्गव के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। वहीं, भार्गव परिवार की ओर से सभी आगंतुकों का आभार जताया गया।


# TIRUPATIEYE

## जुलाई के दूसरे सप्ताह में जारी होंगे सीबीएसई दसवीं व बारहवीं के नतीजे

नई दिल्ली। सीबीएr सई दसवीं व बारहवीं परीक्षा के नतीतों का इंतजार कर रहे छात्र और छात्राओं के लिए राहत भरी खबर है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन टर्म 2 परीक्षा का रिजल्ट जल्द ही जारी किया जा सकता है। सीबीएसई बोर्ड टर्म 1 परीक्षा का रिजल्ट पहले ही स्कूलों को भेज दिया जा चुका है। अब एग्जाम देने वाले छात्र टर्म 2 परीक्षा के रिजल्ट की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। इस साल 24 मई 2022 को 10वीं की टर्म 2 की परीक्षा खत्म हो गई थी. वहीं 12वीं का एग्जाम कल यानी 15 जून को समाप्त हो जाएगा. ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि 10वीं और 12वीं के रिजल्ट को सीबीएसई जून के अंत तक जारी कर सकती है. 10वीं के छात्र ऑलरेडी रिजल्ट का इंतजार बेसब्री के साथ कर रहे हैं. परीक्षाओं के रिजल्ट को लेकर जल्द ही बोर्ड की तरफ से नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा। जुलाई के सेकेंड वीक में भी परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। इन दोनों ही परीक्षा के रिजल्ट का ऐलान बोर्ड अपनी आधिकारिक वेबसाइट- cbse.gov.in और cbseresults.nic.in पर करेगी. रिजल्ट घोषित होने के बाद, छात्र अपनी मार्कशीट डाउनलोड करने के लिए इन वेबसाइटों का उपयोग कर सकते हैं. ऐसा भी हो सकता है कि बोर्ड 12वीं से पहले दसवीं की परीक्षाओं के रिजल्ट की घोषणा कर दें. ऐसे में छात्रों को लेटेस्ट अपडेट्स पाने के लिए सीबीएसई की साइट्स पर विजिट करते रहना होगा. बता दें कि सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट के अलावा, कक्षा 10 के स्कोरकार्ड डिजिलॉकर ऐप और इसकी वेबसाइट digilocker.gov.in पर भी उपलब्ध होंगे। रिजल्ट देखते समय छात्रों को कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। छात्रों को अपना रोल नंबर, जन्म तिथि और बाकी जरूरी डीटेल्स को चेक कर लेना चाहिए। रिजल्ट देखते समय सावधानी के साथ सही तरीके से सभी जानकारी को भरना चाहिए।

# आरएचएएम फाउंडेशन ने टीबी से ग्रसित ग्रसित 50 बच्चों को बांटा न्यूट्रिशन फूड

**नोएडा।** आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन ने बुधवार को नोएडा सेक्टर-39, निकट महिला थाना पर टीबी से ग्रसित 50 बच्चों को न्यूट्रिशन फूड बांटा। यहां टीबी से ग्रसित 70 बच्चों को चिन्हित किया गया था और 50 बच्चों को पोषाहार बांटकर बीमारी के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों को न्यूट्रिशन फूड में जैसे हॉर्लिक्स,दाल, चना, दलिया, सोयाबीन, गुड, प्रोटीन और अन्य पौष्टिक आहार के 50 से अधिक पैकेट बांटे गए हैं। इससे पहले आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर डॉ धीरज कुमार भार्गव, स्वास्थ्य विभाग से डीजीई डॉ ललित खन्ना और रो अमिता मोहिन्द्रु ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की शुरुआत की। डॉ ललित खन्ना ने कहा कि रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन और आरएचएएम फाउंडेशन का टीबी से ग्रसित बच्चों को न्यूट्रिशन फूड बांटने का अभियान जारी है। संस्था टीबी से ग्रसित बच्चों के लिए सराहनीय कार्य कर रही है और दूसरी संस्थाओं को भी आगे बढक़र इसी तरह अपना योगदान देना चाहिए। वहीं, रो मोहिन्द्रु ने कहा कि आरएचएएम फाउंडेशन दिल्ली-एनसीआर में टीबी से ग्रसित बच्चों को बीमारी से बचाने के लिए काफी लंबे समय से काम कर रही है। बच्चे स्वस्थ रहे हैं और उनके भीतर सकारात्मकता आए दोनों बिंदुओं को ध्यान में रखकर कार्य किया जा रहा है। डॉ धीरज कुमार भार्गव का कहना है कि आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयनेस मिशन की ओर से गाजियाबाद के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर 500 बच्चों को गोद लिया गया है। नोएडा में भी टीबी से ग्रसित बच्चों को गोद लेकर बीमारी से



डॉ धीरज कुमार भार्गव का कहना है कि आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयनेस मिशन की ओर से गाजियाबाद के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर 500 बच्चों को गोद लिया गया है। नोएडा में भी बच्चों को गोद लेकर बीमारी से बचाव के लिए काम किया जा रहा है।

बचाव के लिए बेहतर काम किया जा रहा है। आगे भी टीबी से बचाव के लिए आरएचएएम फाउंडेशन स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से डीटीओ डॉ श्रीचंद, डीएमओ,रोटरी क्लब दिल्ली ईस्ट एंड की अध्यक्ष रेणुका झा, अंजली बावा, रोटरी क्लब गाजियाबाद सेफरोन से कुनिका भार्गव, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर से प्रतीक भार्गव, रो अपूर्व राज, रोटरी क्लब ऑफ प्रित विहार से रो वीटा गुप्ता, रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन से दयानंद शर्मा आदि ने कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाई। इस मौके पर ट्रेजरार मनीषा भार्गव, रो अपूर्वराज, डॉ सुनील शर्मा, नरोत्तम अग्रवाल,विजय भूषण और आरएचएएम फाउंडेशन विक्रम व इंदर आदि मौजूद रहे।

# जून में गर्मी ने तोड़ा रिकार्ड, पहली बार पारा 46 डिग्री के पार

**गाजियाबाद।** उमस भरी गर्मी में लोगों का जमकर पसीना निकला। जून के महीने में पहली बार तापमान 46 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा गया। इससे पहले 15 मई को तापमान 46 डिग्री पहुंचा था। दिन भर बादल रहने से धूप तो नहीं निकली लेकिन उमस ने लोगों को बेचैन रखा। शाम को बादल और हवा चलने से लोगों ने राहत महसूस की। 30 दिन बाद मंगलवार को फिर अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। 24 घंटे में दो डिग्री सेल्सियस तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज हुई। अब तीन दिन तक आसमान में बादल छाए रहने से गर्मी से राहत मिलेगी और तापमान में एक से डिग्री सेल्सियस ही गिरावट आएगी। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. अरविंद कुमार यादव का कहना है कि आने वाले शनिवार तक हल्के बादल छाए रहेंगे, रविवार से घने बादल छाने के साथ ही बरसात होने की संभावना है। इस दौरान तापमान भी लुढ़ककर नीचे आएगा। इस महीने का अधिकतम तापमान मंगलवार को दर्ज किया गया है।

### मेरठ मंडल के अधिकारी दिल्ली से हो रही अवैध शराब तस्करी रोकने को लेकर किया मंथन

# शराब तस्करों के खिलाफ की जाए कठोर दंडात्मक कार्रवाई: डॉ. सेंथिल पांडियन सी



**गाजियाबाद।** दिल्ली की सस्ती शराब ने उत्तर प्रदेश सरकार की परेशानी बढ़ा रखी है। अब मेरठ मंडल के जनपदों में दिल्ली से अवैध शराब का परिवहन रोकने के लिए रणनीति बनाई गई है।

इस सिलसिले में यूपी के आबकारी आयुक्त डॉ. सेंथिल पांडियन सी एवं मेरठ जोन के आईजी प्रवीण कुमार ने शनिवार को गाजियाबाद में महत्वपूर्ण मीटिंग की। दोनों अधिकारियों ने दिल्ली बॉर्डर से सटी शराब की दुकानों पर सस्ती शराब की बिक्री और तस्करी रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। जिला मुख्यालय सभागार में आबकारी आयुक्त डॉ. सेंथिल पांडियन सी एवं मेरठ जोन के आईजी प्रवीण कुमार ने मेरठ मंडल के जनपदों के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस मामले में जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली शराब की तस्करी पर पूर्णतः अंकुश लगाया जाए। दोनों अधिकारियों ने गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, बागपत, गौतमबुद्धनगर के अधिकारियों को विभिन्न बिंदुओं पर निर्देश दिए।आबकारी आयुक्त सेंथिल पांडियन सी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि मेरठ मंडल के जनपदों में पड़ोसी राज्य दिल्ली से शराब की तस्करी को पूर्णतः रोका जाए। शराब तस्करों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

आबकारी की राजस्व हानि बचाने के लिए संबंधित अधिकारी सूचना का आदान-प्रदान करने के अलावा आपसी सामंजस्य बनाकर रखें।मेरठ जोन के आईजी प्रवीण कुमार ने कहा कि दिल्ली से शराब तस्करी रोकने के लिए सूचना तंत्र मजबूत कर शराब तस्करों के के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इसकी सप्ताह में एक बार समीक्षा की जाए। पुलिस, आबकारी, वस्तु एवं सेवा कर (राज्य कर) विभाग के अधिकारियों को मेरठ मंडल के जनपदों से लगे दिल्ली सीमा पर लगातार चेकिंग अभियान चलाने एवं शराब तस्करी रोकने के निर्देश दिए गए। मेरठ मंडल की अपर आयुक्त चैत्रा वी ने रोडवेज बस स्टैंड पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि गाजियाबाद में दिल्ली से सटे बॉर्डर पर वस्तु एवं सेवा कर (राज्य कर) पुलिस, आबकारी एवं रोडवेज के अधिकारी संयुक्त रूप से अभियान चलाकर दिल्ली से शराब तस्करी को रोकने की कार्रवाई करें।

वहीं, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे, ट्रांसपोर्ट नगर, भोपुरा एवं ईडीएम माल कौशांबी के पास दिल्ली राज्य से आने वाले मार्गों पर प्रभावी तरीके से चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में दिल्ली से शराब तस्करी रोकने एवं वाहनों की लगातार चेकिंग करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मेरठ मंडल की अपर आयुक्त चैत्रा वी, जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, एसएसपी मुनिराज जी, संयुक्त आबकारी आयुक्त महेंद्र सिंह, उप आबकारी आयुक्त आर.के. शर्मा, बुलंदशहर के एसपी क्राइम कमलेश बहादुर, एसपी ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा, रोडवेज एआरएम, जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह, वाणिज्य कर व एआरटीओ आदि मौजूद रहे।

> आबकारी आयुक्त सेंथिल पांडियन सी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि मेरठ मंडल के जनपदों में पड़ोसी राज्य दिल्ली से शराब की तस्करी को पूर्णत: रोका जाए।शराब तस्करों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।आबकारी की राजस्व हानि बचाने के लिए संबंधित अधिकारी सूचना का आदान-प्रदान करने के अलावा आपसी सामंजस्य बनाकर रखें।

## यशोदा अस्पताल पहुंचे सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह

**गाजियाबाद।** सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह बुधवार को यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशाम्बी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने डॉ. पीएन अरोड़ा से शिष्टाचार भेंट की। बिहार के पूर्वी चंपारण से लोक सभा सांसद राधा मोहन सिंह ने डॉ. पीएन अरोड़ा से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी की। हॉस्पिटल आगमन पर यशोदा हॉस्पिटल समूह के सीएमडी डॉ. पीएन अरोड़ा ने सांसद सिंह को पुष्प देकर उनका स्वागत किया।



## कोरोना ने फिर बरपाया कहर, दिल्ली से सटे शहरों में फिर बढ़ने लगा संक्रमण, मास्क लगाना अनिवार्य

**गाजियाबाद न्यूज।** दिल्ली से सटे जिला गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर (नोएडा) में एक बार फिर कोरोना बढ़ने लगा है। गाजियाबाद में पिछले 24 घंटे के भीतर कोरोना के 49 नए केस रिकॉर्ड हुए हैं। वहीं गौतमबुद्धनगर में कोरोना के सक्रिय केस 316 हैं। दिल्ली में संक्रमण दर लगातार बढ़ने से स्वास्थ्य विभाग ने ट्रैवलिंग करने वालों पर फोकस शुरू कर दिया है। मास्क पर सख्ती बढ़ा दी गई है।

वहीं स्वास्थ्य विभाग अब टेस्टिंग बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। गुरुवार सुबह जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार, गाजियाबाद में 24 घंटे में 49 नए केस आए हैं। इसमें पांच बच्चे भी शामिल हैं। 3 मरीजों का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि बाकी संक्रमित मरीज होम आइसोलेटेड हैं। मई में जहां कोरोना के कुल केस 938 आए थे, वहीं जून के 16 दिनों में इनकी संख्या 312 पहुंच गई है।



आंकड़े देखें तो गाजियाबाद में कोरोना के मामले 11 जून से ज्यादा बढ़े हैं। बीते दो दिन से नए कोरोना मरीजों की संख्या 50 के आसपास पहुंच रही है। ज्यादातर मरीज साहिबाबाद और इंदिरापुरम क्षेत्र से निकल रहे हैं। क्योंकि ये दोनों ही क्षेत्र दिल्ली से सटे हुए हैं।

इधर, पड़ोसी जिले गौतमबुद्धनगर में बुधवार शाम तक कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 316 पहुंच गई है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना की जांच प्रतिदिन एक हजार और बढ़ाने का फैसला लिया है। अभी तक रोजाना दो हजार जांचें हो रही थीं। कोरोना केस बढ़ने पर परिवहन विभाग में नोएडा डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक ने पत्र लिखकर बसों में यात्रियों के लिए मास्क अनिवार्य करने को कहा है। इधर, नोएडा स्टेडियम में आने वाले खिलाड़ियों के टीकाकरण के लिए आज से वहां स्पेशल कैंप लगेगा।

### नोएडा में एक्टिव केस हुए 316

पड़ोसी जिले गौतमबुद्धनगर में बुधवार शाम तक कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 316 पहुंच गई है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना की जांच प्रतिदिन एक हजार और बढ़ाने का फैसला लिया है। अभी तक रोजाना दो हजार जांचें हो रही थीं। कोरोना केस बढ़ने पर परिवहन विभाग में नोएडा डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक ने पत्र लिखकर बसों में यात्रियों के लिए मास्क अनिवार्य करने को कहा है। इधर, नोएडा स्टेडियम में आने वाले खिलाड़ियों के टीकाकरण के लिए आज से वहां स्पेशल कैंप लगेगा।

## मकनपुर तालाब की सफाई करने पहुंचे नगरायुक्त

**गाजियाबाद।** शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए नगर निगम निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में शुक्रवार को मकनपुर तालाब की सफाई की गई। नगरायुक्त महेंद्र सिंह तंवर की मौजूदगी में यह अभियान चलाया गया। इस कार्य में वॉलिंटियर्स का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर नगरायुक्त कितना गंभीर हैं, इसका ताजा उदाहरण शुक्रवार को देखने को मिला। दरअसल मकनपुर तालाब की साफ-सफाई करने के लिए नगरायुक्त महेंद्र सिंह तंवर खुद पहुंच गए। इससे वॉलिंटियर्स का भी मनोबल बढ़ा। वसुंधरा जोन के अंतर्गत मकनपुर तालाब पर शुक्रवार को सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छता



अभियान में से-अर्थ तथा भारतीयम एनजीओ का नगर निगम को सहयोग मिल रहा है। अमृत सरोवर महोत्सव के अंतर्गत शहर में विभिन्न स्थानों पर समय-समय पर अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में मेयर आशा शर्मा के मार्गदर्शन में मकनपुर तालाब की सफाई कराई गई। आस-पास के नागरिकों ने भी इस काम में सहयोग दिया। स्वच्छता अभियान के दौरान तालाब से कचरा, प्लास्टिक, खाली बोतलें इत्यादि बाहर निकाले गए। स्थानीय नागरिकों से अपील की गई कि तालाब में किसी प्रकार का कचरा ना डाला जाए। शहर को स्वच्छ बनाने में वह नगर निगम का सहयोग करें। नगरायुक्त की उपस्थिति ने नगर निगम टीम तथा वॉलिंटियर्स को भी मोटिवेट किया। इसके अलावा शहर में जन-जागरूकता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति शहरवासियों को जागरूक करने के लिए भी उत्साहित किया गया। इस मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज कुमार सिंह, वसुंधरा जोन के स्वास्थ्य विभाग के चीफ पवन कुमारआदि मौजूद रहे।

## खिलाड़ियों के लिए नगर निगम ने तैयार किया खेल मैदान

**गाजियाबाद।** जिले के करहेड़ा, काजीपुरा, मोरटा क्षेत्र के खिलाड़ियों के सपनों को अब पंख लगने की आशा बलवान होती दिखाई दे रही है।

खिलाड़ियों को अब खेल मैदानों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। खेल के प्रति नगर निगम करहेड़ा, काजीपुरा, मोरटा में खेल मैदान बना रहा है। जिसका कार्य बहुत तेजी से हो रहा है। खिलाड़ियों को खेल के कहीं भटकना न पड़े, इस पर मेयर आशा शर्मा व नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर विशेष ध्यान दे रहे है। जिसकी समय-समय पर नगर आयुक्त खुद समीक्षा भी कर रहे है। प्रथम चरण में नगर निगम द्वारा करहेड़ा गांव काजीपुरा गांव तथा मोरटा गांव में खेल के मैदान को विकसित तथा बनाने में कार्यवाही चल रही है। जिसका शुक्रवार को नगर आयुक्त ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने काजीपुरा में बनाई जा रही खेल के मैदान का जायजा लिया। नगर आयुक्त ने बताया शहर के खिलाड़ियों के लिए कई स्थानों पर खेल के मैदान बनाए जाने है।

प्रथम चरण में वार्ड संख्या-24, वार्ड संख्या-45, वार्ड संख्या-16 में खेल के मैदानों को बनाया जा रहा है।

# कूड़ा उठाने के लिए नहीं आ रही गाड़िया, कॉलोनियों में लगा गंदगी का अंबार

**गाजियाबाद।** मोहन नगर व वसुंधरा जोन में गंदगी का अंबार है। दोनों जोन की कॉलोनियों, मुख्य सड़कों, पार्क और अन्य जगहों से कूड़ा उठाने के लिए गाड़िया नहीं आ रही हैं। चारों तरफ गंदगी फैलने से लोगों में संक्रामक बीमारी होने की आशंका है। रोजाना कूड़ा उठाने की मांग को लेकर लोग कई बार निगम में शिकायत कर चुके हैं। वहीं, अधिकारियों का दावा है कि सभी कॉलोनियों और अस्थायी डपिंग ग्राउंड से समय से कूड़ा उठाया जा रहा है।



**मोहन नगर जोन**

मोहन नगर जोन में निगम के 24 वार्ड हैं। यहां भी निगम की 36 डोर-टु-डोर कूड़ा कलेक्शन गाड़ियां घरों से कूड़ा कलेक्ट करती हैं। इस जोन से रोजाना 250 मीट्रिक टन कूड़ा निकलता है। इस कूड़े को महामाया स्टेडियम के पीछे और राजेंद्र नगर गोल चक्कचर के पास डंपिंग यार्ड में डंप किया जाता है। नगर निगम की गाड़ियां नहीं आने से मोहन नगर मंदिर के पास, राजेंद्र नगर गोल चक्कर और श्यामपार्क एक्सटेंशन कॉलोनी में कूड़े का ढेर है। श्यामपार्क एक्सटेंशन के महावीर पार्क, शिव पार्क और नवीन पार्क में नगर निगम की कम्पोस्ट पिट में भी खाद नहीं बनाया जा रहा है।

**वसुंधरा जोन**

वसुंधरा जोन में निगम के 16 वार्ड हैं। जहां निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से रोजाना डोर-टु-डोर कूड़ा कलेक्ट किया जाता है। इस जोन में निगम के पास कूड़ा कलेक्शन के लिए 30 गाड़ियों की व्यवस्था है। यहां से रोजाना 200 मीट्रिक टन कूड़ा निकलता है, जिसे हज हाऊस के पास व पिलखुवा के डंपिंग ग्राउंड में डंप किया जाता है। जोन में वसुंधरा सेक्टर-13 ऐलिवेटिड रोड, साइट-4 झंडापुर, कड़कड़ मॉडल, वसुंधरा सेक्टर-16 आवास विकास, सूर्य नगर, बृजविहार और सब्जी मंडी में गंदगी का अंबार है। यहां भी कूड़ा उठाने के लिए वाहन नहीं आ रहे हैं। हालांकि निगम के एक सूत्र का कहना है कि कूड़ा डंप के लिए जगह नहीं होने से समस्या बनी हुई है।

> दोनों जोन से रेगुलर कूड़ा उठाया जा रहा है। दोनों जोन का कूड़ा एकत्र कर अलग-अलग जगह डंप किया जाता है। अगर किसी जगह कूड़ा उठाने के लिए गाड़ी नहीं पहुंच रही है तो उसका समाधान किया जाएगा।
>
> -डीके अग्रवाल, जोनल सेनेट्री अधिकारी, निगम

## पार्षद ने नारियल फोड़कर गलियों का किया उद्घाटन



**गाजियाबाद न्यूज।** भोपुरा इलाके में भाजपा पार्षद विनोद कसाना ने नारियल तोड़कर विकास कार्यो का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि कि वार्ड 20 की राजीव नगर कालोनी की कई गलियों जिनकी हालत बहुत ख़राब थी लोगों की माँग पर आज कार्य शुरू कराया । जिसकी लागत 18 लाख 50 हजार है और मार्ग की लम्बाई 450 मीटर है। यहां गलियों की हालत ख़राब थी लोगों का निकलना भी मुश्किल हो रहा था। बारिश में लोगों को जलभराव होने की आशंका थी। पार्षद ने बताया कि जब यह क्षेत्र नगर निगम में आया है तब से आज तक जो इन पाँच वर्षो विकास की गंगा बही है जिससे वार्ड की सम्मानित जनता ख़ुश है। इस मौके पर संजय प्रधान ,नरेश कटारिया ,महेश राठौड़ वार्ड अध्यक्ष डॉक्टर कमल ,अमित कल्याणी ,सौरव कल्याणी ,अमित कुमार ,लाला जी ,सतीश आदि मौजूद रहे।

## आहार विहार स्वास्थ्य का आधारः अनिता रेलन

गाजियाबाद। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वाधान में स्वास्थ्य और योग# विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कोरोना काल मे 409 वां वेबिनार था। मुख्य वक्ता योगाचार्या अनिता रेलन ने कहा कि जीवेम शरदा शतम जब तक हम जीवित रहें हमारा जीवन स्वस्थ और सक्रिय रहे शरीर माध्यम खलु धर्म साधन# शरीर सभी धर्मों का पहला साधन है यदि शरीर ही नहीं रहा तो कर्तव्यों का निर्वाह कैसे?



इसलिए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना अनिवार्य है। स्वास्थ्य काफी हद तक हमारे आहार और विहार की शुद्धता पर निर्भर करता है। आहार यानी खानपान विहार यानी पर्यावरण। अच्छा स्वास्थ्य मात्र कामना करने से नहीं मिलता जिस प्रकार स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। उसी प्रकार स्वास्थ्य अंतःकरण ही स्वस्थ शरीर का निर्माण करता है। योग यानी शरीर और आत्मा को एक सूत्र में जोड़ना योग से जुड़ने पर हम अस्थमा शारीरिक असंतुलन अनिद्रा पीठ व कमर दर्द इसी तरीके से डिप्रेशन उच्च रक्तचाप पर हम नियंत्रण पा पाएं, योगाभ्यास शारीरिक मानसिक शक्ति सीरियल का लचीलापन वा संतुलन बनाए रखने में विशेष लाभकारी है। पूरी दिनचर्या में योग को दिया मात्र आधा घंटा भी संजीवनी बूटी के समान है शारीरिक ऊर्जा में वृद्धि, रिश्तो में मिठास व परोपकार की भावना बलवती होती है।

योग से नियमित योग दवाओं का विकल्प है प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाता है। शरीर के अवयवों को क्रियाशील बनाता शरीर मस्तिष्क तथा आत्मा के मध्य संपर्क को नियमित करता है। अपने लिए समय निकालें अपने को अपने ही स्वरूप में स्वीकार है अपने को स्वस्थ रखें संतुलित एवं पौष्टिक आहार करें अपना आचार, विचार,व्यवहार अपने आध्यात्मिक पर्यावरण को शुद्ध रखें नियमित योग करें प्राणायाम करें ध्यान करें देखे कितना हल्का फुल्का महसूस करेंगे। हर रोज कुछ नया करें।

उन्होंने सूक्ष्म क्रियाएं आसन,प्राणायाम, ध्यान धारणा समाधि के चरणों को विस्तार से बताते हुए सबको अपने को पहचानने के लिए अपने लिए समय निकालने के लिए विशेष ध्यान दिया।

## वीडियो बनाने से मना किया तो प्रभारी सीएमएस को पीटा

**गाजियाबाद।** संयुक्त जिला अस्पताल में घायल का इलाज करने के दौरान वीडियो बनाने से रोकने पर साथ में आए लोगों प्रभारी सीएमएस की पिटाई कर दी। वहीं पिटाई करने वाले लोगों का आरोप था कि डॉक्टर सहित अन्य स्टाफ ने पहले दुर्व्यवहार किया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक आरोपी को पकड़कर मधुबन बापू धाम थाने ले गई। प्रभारी सीएमएस ने तीन नामजद सहित आठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।


रविवार को कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शिवनाथ सिंह सुबह आठ बजे से दो बजे की इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे थे। दस बजे एनएचएआई की एंबुलेंस एक घायल को इलाज कराने के लिए अस्पताल लेकर आई। डॉ. शिवनाथ व फार्मासिस्ट त्रिलोक चंद अन्य मरीज का इलाज करने में व्यस्त थे। तभी एंबुलेंस के चालक जितेंद्र व ईएमटी प्रद्युम्न पाठक वहां उपस्थिति डॉक्टरों और नर्सो की अपने मोबाइल से वीडियो बनाने लगे। वीडियो बनाने से मना करने पर उन्होंने प्रभारी सीएमएस को धक्का देते हुए फार्मासिस्ट त्रिलोक चंद के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस बीच किसी ने पुलिस को फोन कर घटना की सूचना दी।

> मधुबन बापूधाम थान प्रभारी मुन्नेश कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

वार्ड में एक अन्य मरीज को देखने जाते समय नरेश व अन्य ने गाली-गलौच करते हुए सीएमएस के मुंह और गर्दन पर घूंसे मारना शुरू कर दिया। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई। मधुबन बापूधाम थान प्रभारी मुन्नेश कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## मरीजों का रजिस्टर में रोज दर्ज होगा पूरा रिकार्डः सीएमओ

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद न्यूज। अब सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंचने वाले हर मरीज का रोज रजिस्टर में पूरा रिकार्ड दर्ज होगा। इसमें मरीज का नाम, मोबाइल नंबर, उम्र, पता, बीमारी, किस चिकित्सक ने देखा, क्या दवाएं दीं और मरीज के अस्पताल आने की तारीखों का भी विवरण दर्ज होगा। सीएमओ डा. भवतोष शंखधर ने बताया कि आने वाले दिनों में इस रिकार्ड को कंप्यूटर में दर्ज कर दिया जाएगा। इससे प्रदेश और केंद्र सरकार के पास मरीजों का पूरा विवरण उपलब्ध रहेगा।



जिले में तत्काल प्रभाव से यह व्यवस्था लागू कर दी गई है। भर्ती एवं रेफर होने वाले मरीजों का भी विवरण बनाया जाएगा। जिला अस्पताल, पीएचसी, सीएचसी और उप स्वास्थ्य केंद्रों में भी रजिस्टर रखवा दिए गए हैं। सीएमओ ने बताया कि कोई भी चिकित्सक बिना कारण दर्ज किए किसी भी मरीज को उपचार के लिए दिल्ली, नोएडा और मेरठ के लिए रेफर नहीं कर सकेंगे।

रजिस्टर के साथ रेफर के दस्तावेजों में कारण दर्ज करना होगा। आने वाले दिनों में एक रुपये की पर्ची भी कंप्यूटर से ही बनाई जाएगी। फिलहाल इसके लिए चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## डीएम ने ली जिला खनिज फाउंडेशन न्याय के शासी परिषद एवं प्रबंध समिति की बैठक

**गाजियाबाद।** डीएम राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन न्यास के शासी परिषद एवं प्रबंध समिति की बैठक में राष्ट्रीय हरित अधिकार नई दिल्ली द्वारा ओए 140 व 141 वर्ष 2021 में पारित आदेश 8.मई 2022 के अनुक्रम में प्रदेश के खनिज बाहुल्य जनपदों में नदी तल स्थित खनन क्षेत्रों में बालू की पुनःपूर्ति अध्ययन के सम्बंध में निदेशक मूतत्व एवं खनि कर्म निदेशालय, उप्र, लखनऊ के पत्र सं0 416 / एम-226/ -2017 खनन नीति 7 जून द्वारा कराये जाने के सम्बंध में प्राप्त निदेर्शो के अनुपालन में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में गाजियाबाद जिला खनिज फाउन्डेश न्यास के शासी परिषद एवं प्रबंध समिति के सदस्यों के विचारोपरान्त सर्व सहमति से उपरोक्त कार्य के लिये आंकलित धनराशि पर स्वीकृति प्रदान करते हुये कायार्देश जारी किये जाने का निर्णय लिया गया। उक्त बैठक में विवेक श्रीवास्तव, सुनील त्यागी, विनय कुमार सिंह, डीके विश्वास कुमार आदि मौजूद रहे।



*Editorial*

## Race for relevance: On the Fed's interest rate hike

The U.S. Federal Reserve on Wednesday implemented its steepest interest rate increase in more than 27 years as it fights to rein in runaway inflation. Barely six weeks after raising the policy rate by half a percentage point and underscoring the likelihood of "additional 50-basis-point increases" at the next couple of meetings, Chairman Jerome Powell stressed it had become "essential" to increase the rate instead by 75 basis points to bring inflation down. The overarching message, he asserted, was that the Fed recognised the 'hardship high inflation was causing' and had the resolve to restore price stability with singular focus. Acknowledging that inflation had 'surprised to the upside' since the Federal Open Market Committee had last met in May, he said the committee agreed that the larger increase was required to anchor inflation expectations. With U.S. Consumer Price Index based inflation quickening to a fresh four-decade high of 8.6% in May, spurred by housing, petrol and food prices, the Fed admitted that price pressures had spread to a broad range of goods and services. Even as it realises that it has very little control over supply side factors, including Russia's invasion of Ukraine and COVID-related lockdowns in China, the U.S. central bank said it was determined to continue raising interest rates till it saw 'compelling evidence' that inflation was slowing towards its 2% goal. Mr. Powell emphasised that yet another 'unusually large' 75-basis-point or a 50-basis-point increase was 'most likely' in the meeting in July. For Mr. Powell and fellow FOMC members, focusing unrelentingly on taming price gains through monetary action, including raising borrowing costs and gradually tightening liquidity, risks squeezing the economy into a recession. (Dr. Dheeraj Kumar Bhargava)

# Don't think players will only play for the money: Sourav Ganguly



NEW DELHI: As the Indian cricket board (BCCI) exults post the mega IPL media rights deal, a lot of the attention has shifted to the impact it could have on Indian and international cricket.This is a big opportunity to further strengthen Indian cricket. This will help the BCCI create even stronger infrastructure. The money needs to go to the grassroots. This also allows the board to raise the player fees across age groups and genders. The priority is to increase the salaries of women cricketers. We have already doubled the domestic match fees and the players will start to benefit from that from this season. And I also believe this will get more kids to take up cricket, as it has become a proper career option.Was there any apprehension that the pandemic could have an adverse effect on the media rights deal?We never had any doubts. The planning for the media rights started two years ago. It was meticulously done. It has been a great year for Indian cricket so far. We have completed the domestic season, have got packed houses back in stadiums, the IPL was wonderfully conducted and now this mega deal. I want to congratulate Disney-Star, Viacom18 and Times Internet for playing a part.The IPL's per match valuation has exceeded that of the English Premier League (EPL). England's football team has struggled to win any big title for years. As a former India captain, is there any apprehension that players now will be more keen on the IPL money instead?First thing first, money can't be related to performances. From the times of Sunil Gavaskar to Anil Kumble and Rahul Dravid, the money was nowhere close to what the players get now. But all of them had the hunger to perform. I don't think players will only play for the money. Players play for the stature they get and the pride of representing India. Every player would want to win big international tournaments.

# If I don't think I am...': English white-ball captain Eoin Morgan opens up about his future plans




Eoin Morgan, the English limited-overs captain, said he doesn't want to be a burden on his side and that the day he feels like he is not able to contribute, he will step aside. The 35-year-old Dublin-born cricketer became the first English captain to win the ICC World Cup when he led the Three Lions to a thrilling win over New Zealand in the final at Lord's in 2019.

The star left-handed batter, who is set to lead the full-strength English team in the three ODIs against the Netherlands, which starts on Friday (June 17), has been going through a rough patch for quite some time now, and said that he would love to put a finishing date on his career, but wouldn't want to be a burden on the team.

Speaking to Sky Sports, Morgan said that since his body is fragile, he wouldn't want to be a liability for the team. He added that if he feels he is not good enough, he will call it a day and hope the same mentality rubs off on the rest of the players.

₹I would love to say I am finishing here or there and that's it,₹ he said. ₹I would love to work like that, but the way my body is at the moment, I can't work like that. If I injured myself tomorrow and it was going to be quite a prolonged injury, then I wouldn't be doing the team or myself any favours if I still held on to a commitment to finish at a certain point. If I don't think I am good enough or I don't feel I am contributing to the team, then I will finish.₹

₹That's just the way I am and I hope that rubs off on the team. Your leader doesn't have to be selfless; they can be whoever he or she wants to be, but I feel this is a better way of doing things. I know I will come back into form at some stage. The cycle throughout my career has been a complete rollercoaster, so it's nothing strange,₹ he added.

## RCB, CSK, KKR's revenues to double? How IPL's bumper media rights package will impact franchises' earnings




The Board of Control for Cricket in India (BCCI) fetched a stunning media rights deal for the next cycle (2023-27) of the Indian Premier (IPL). With the cumulative package going for over INR 48,000 crore, BCCI's revenue from the media rights saw a stunning increase in comparison to the last package that was sold to Star India for Rs. 16,000 crore.

While the BCCI's revenues have increased by several folds, the increase in the flow of funds is set to benefit the franchises too. As per a report in Insidesport, the likes of Royal Challengers Bangalore, Chennai Super Kings, Mumbai Indian, Kolkata Knight Riders and other six franchises are set to see their revenues increase by almost 100%.In the IPL 2022, each of the 10 franchises reportedly earned Rs. 201.65 crore from media rights revenue. In IPL 2023, their revenues from media rights are expected to go over INR 400 crore. The figure will continue increasing further. In the year 2025, the fund flow from the same component is expected to get closer to Rs. 500 crore. In the final year of the next cycle (2027), the media rights revenue is likely to cross Rs. 550 crore figure.

"Along with all others, franchise partners are our biggest stakeholders. When BCCI gets benefitted, its obvious the biggest stakeholder will also benefit. We are happy that we could provide growth and deliver on our promises to IPL Owners", BCCI treasurer Arun Dhumal after the IPL Media Rights tender to InsideSport.

# बूस्टर डोज की महत्ता और टीकाकरण केंद्रों के बारे में लोगों को किया जाए जागरूक

**गाजियाबाद न्यूज।** देश के विभिन्न राज्यों में कोरोना संक्रमण के नए केस आने लगे हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंह ने कोरोना संक्रमण को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं, लेकिन यूपी में पॉजिटिविटी दर न्यूनतम है। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 1087 है। विगत 24 घंटों में 96 हजार से अधिक टेस्ट किए गए और 236 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई।




- **देश के विभिन्न राज्यों में कोरोना संक्रमण के नए केस आने लगे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं, लेकिन यूपी में पॉजिटिविटी दर न्यूनतम है।**
- **दजीनोम सिक्वेंसिंग के हालिया नतीजे बताते हैं कि प्रदेश में ओमिक्रोन वैरिएंट का ही संक्रमण है। यह स्थिति घबराने की नहीं, किंतु सतर्क और सचेत रहने की है**

इसी अवधि में 152 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। जीनोम सिक्वेंसिंग के हालिया नतीजे बताते हैं कि प्रदेश में ओमिक्रोन वैरिएंट का ही संक्रमण है। यह स्थिति घबराने की नहीं, किंतु सतर्क और सचेत रहने की है। उन्होंने एक पत्र के जरिए बताया कि कोविड टीकाकरण अभियान की प्रगति संतोषप्रद है। 33 करोड़ 21 लाख से अधिक कोविड टीकाकरण के साथ ही 18+ आयु की पूरी आबादी को टीके की कम से कम एक डोज लग चुकी है, जबकि 94% से अधिक वयस्क लोगों को दोनों खुराक मिल चुकी है। 15-17 आयु वर्ग के 98.50% किशोरों और 12 से 14 आयु वर्ग के 91.44% से अधिक बच्चों को टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। पात्र लोगों को टीके की दूसरी खुराक समय से दी जाए। 18+ आयु के लोगों को बूस्टर डोज दिए जाने में तेजी की अपेक्षा है। बूस्टर डोज की महत्ता और बूस्टर टीकाकरण केंद्रों के बारे में आमजन को जागरूक किया जाए। वहीं, संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जुलाई माह से प्रदेशव्यापी अभियान शुरू हो रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, फॉगिंग सैनिटाइजेशन के संबंध में जागरूकता बढ़ाए जाने की जरूरत है। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी जरूरी तैयारियां कर ली जाएं। जगरूकता प्रसार के प्रयासों में जनप्रतिनिधि गण का भी सहयोग लिया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि युवाओं के लिए निशुल्क टैबलेट और स्मार्टफोन वितरण का कार्य सुचारू रूप से चलता रहना चाहिए। यूपी सरकार की मंशा है कि अगले 05 वर्षों में 02 करोड़ युवाओं को डिजिटल शक्ति से लैस करना है। बिना भेदभाव हर छात्र-छात्रा को टैबलेट/स्मार्टफोन उपलब्ध कराया जाए। विगत दिनों प्रदेश के विभिन्न शहरों में माहौल बिगाड़ने के लिए हुए अराजक प्रयासों में शामिल समाजविरोधी तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होगी। ऐसे असामाजिक लोगों के लिए सभ्य समाज मे कोई स्थान नहीं है। यह ध्यान रखें कि किसी भी निर्दोष का उत्पीड़न न हो, लेकिन दोषी को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए।

एक माह का विशेष अभियान चलाकर निर्विवाद वरासत के सभी मामलों में वरासत दर्ज कराएं। उत्तराधिकारियों को उनका हक यथाशीघ्र मिलना चाहिए। पैमाईश के लिये ई-फाइलिंग की व्यवस्था हो। वहीं, राहत कैम्पों में रहने वाली महिलाओं और किशोरियों को डिग्निटी किट उपलब्ध कराए जाएं। डिग्निटी किट में सैनेटरी पैड, साबुन, तौलिया, डिस्पोजेब्रल बैग, बाल्टी, मास्क आदि शामिल हों। इसके अलावा पात्र किसान किसी भी सरकारी योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए।

## 11वीं मंजिल पर फ्लैट में लगी आग , अग्निशमन विभाग ने चार की जान बचाई

**गाजियाबाद।** भीषण गर्मी में आग लगने की घटनाएं रूक नहीं रही हैं। गाजियाबाद जनपद में आग लगने का सिलसिला जारी है। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में रविवार को हाईराइज बिडिंग में 11वीं मंजिल के फ्लैट पर आग लग गई। घटना की सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अग्निशमन कर्मियों ने आग में फंसे दंपति और 2 बच्चों को मशक्कत के बाद सुरक्षित बचा लिया। ऐसे में अफरा-तफरी मची रही। उधर, ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र में प्लास्टिक का दाना बनाने की फैक्ट्री में भी आग लग गई। दोनों घटनाओं में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इंदिरापुरम में कृष्णा अपरा गार्डन, वैभव खंड इंदिरापुरम में 11वीं मंजिल के फ्लैट में रविवार की सुबह आग लगने की घटना घटित हुई। इस संबंध में अग्निशमन विभाग को सुबह करीब सवा नौ बजे सूचना मिली। सूचना पाकर अग्निशमन कर्मचारी मौके पर पहुंच गए।

## नरसिंहानंद ने एसडीएम को सौंपी इस्लामिक किताबें, बोले- नुपुर की कही बातें इनमें लिखी

गाजियाबाद। नूपुर शर्मा के समर्थन में महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि विवादित बयान दिया था। सोमवार को उनका पक्ष जानने के लिए गाजियाबाद के एसडीएम विनय कुमार सिंह खुद ही डासना देवी मंदिर पर पहुंच गए। यति नरसिंहानंद ने उन्हें अपना लिखित बयान दिया। एसडीएम को अली सीना की रचित 'अंडर स्टैंडिंग मोहम्मद' समेत इस्लाम धर्म से जुड़ी कुछ किताबें सौंपी। दावा है कि इन किताबों में वो सब लिखा हुआ है, जो नुपुर शर्मा ने बोला था।



यति नरसिंहानंद गिरि ने अपने बयान में लिखा, 'मैं कहना चाहता हूं कि नूपुर शर्मा ने टीबी डिबेट में जो कहा, वो मुसलमानों की अपनी किताबों में लिखा हुआ है। उनके मौलाना इस बात को बार-बार बताते भी रहे हैं। जिसके प्रमाण यूट्यूब पर बहुत बड़ी संख्या में हैं। अपनी किताबों में लिखी हुई बातों के लिए देश को दंगों में झोंकने वाले और हत्या-बलात्कार का आह्वान करने वाले पूरी मानवता के दोषी हैं। उन्हें कठोर दंड न मिलना वास्तव में न्याय की हत्या होगी। आज सत्य और न्याय की मांग है कि इस्लाम और पैगंबर पर एक बड़ी बहस हो। ताकि पूरा विश्व इन्हें अच्छी तरह से समझ सके।' यति ने इस बयान की लिखित कॉपी एसडीएम को सौंपी है।

दरअसल, प्रशासन के नोटिस पर यति नरसिंहानंद ने 12 जून यानि सोमवार सुबह 11 बजे एसडीएम कोर्ट में कुरान लेकर पेश होने की बात कही थी। माना जा रहा है कि यति के वहां पहुंचने से इस मुद्दे को और ज्यादा तूल मिलता।

जिले में धारा-144 लागू है। इसे देखते हुए एसडीएम विनय कुमार सिंह खुद ही सोमवार सुबह डासना देवी मंदिर पहुंच गए। इस मौके पर अनिल यादव, भाजपा नेत्री उदिता त्यागी, अक्षय त्यागी, मुकेश त्यागी, संजय त्यागी भी मौजूद रहे। यति नरसिंहानंद ने 6 जून को BJP की पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा का समर्थन करते हुए कहा था कि उन्होंने पैगंबर के बारे में कुछ भी गलत नहीं कहा।

नुपुर ने जो कुछ कहा, वो सब कुरान और अन्य इस्लामिक किताबों में लिखा है। जो हमने नहीं लिखीं। 7 जून को गाजियाबाद के उप जिला मजिस्ट्रेट (एसडीएम) और मसूरी थानाध्यक्ष ने यति नरसिंहानंद गिरि को उनके इस बयान पर नोटिस जारी किया। इसके बाद 9 जून को एसडीएम कोर्ट ने CRPC की धारा-111 के तहत यति नरसिंहानंद गिरि को एक और नोटिस दिया। इसमें एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कहा है कि यति नरसिंहानंद उनके न्यायालय में पेश होकर बताएं कि क्यों न उन्हें शांति रखने के लिए एक वर्ष तक पाबंद किया जाए।

## जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष का अतिरिक्त चार्ज संभाला

**गाजियाबाद न्यूज।** जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बुधवार को जीडीए उपाध्यक्ष का अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अपनी प्राथमिकता के विषय में विस्तार से अवगत कराया। डीएम एवं जीडीए के कार्यवाहक उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा कि जीडीए की निर्माणाधीन योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाएगा। इसके अलावा जीडीए को आर्थिक संकट से उबारने के लिए कंपाउंडिंग शुल्क एवं आवंटियों पर बकाया धनराशि की वसूली में तेजी लाई जाएगी। दरअसल प्रदेश शासन ने पिछले



दिनों जीडीए उपाध्यक्ष कृष्णा करूणेश का तबादला गोरखपुर कर दिया था। उन्हें गोरखपुर जनपद का जिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं, जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह को जीडीए उपाध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। जिलाधिकारी सिंह ने बुधवार को जीडीए उपाध्यक्ष का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण कर लिया। चार्ज संभालने के बाद उन्होंने जीडीए ओएसडी सुशील कुमार चौबे, चीफ इंजीनियर राकेश कुमार गुप्ता, ओएसडी गुंजा सिंह आदि अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली।


## शराब की बोतलों के साथ गिरफ्तार

**गाजियाबाद न्यूज।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप डीएम राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में आबकारी विभाग का अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ अभियान जारी है।



इसी क्रम में रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जनपद गाजियाबाद की आबकारी टीमों द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर चेक पोस्ट, भोपुरा चेक पोस्ट, लोनी बॉर्डर पर चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान ट्रांसपोर्ट नगर चेक पोस्ट पर स्विफ्ट कार DL 2C AK 5052 के साथ एक अभियुक्त ललित कुमार निवासी टीला, दिल्ली को 06 बोतल (प्रत्येक 750 m को गिरफ्तार किया है। दिल्ली में बिक्री हेतु अनुमन्य के साथ गिरफ्तार किया गया। मुकेश कुमार निवासी मडिया युसुफपुर, गाज़यिाबाद को पैदल एक पिट्ठू बेग में 02 बोतल बकार्डी व्हिस्की 750 ml, 02 बोतल ऑफिसर्स चॉइस , 02 बोतल आल सीज़न , 04 केन बियर प्रोस्ट ब्रांड के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तो को आबकारी अधिनियम की धारा 60/63/72 में थाना साहिबाबाद में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजा। यह जानकारी जिला आबकारी अधिकारी राकेश सिंह ने दी है। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी प्रकार जिलाधिकारी गाजियाबाद राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अवैध शराब के कारोबार को लेकर कार्यवाही निरंतर स्तर जारी रहेगी।

# ब्रह्मास्त्र' के लिए रणबीर कपूर और मौनी रॉय के बीच छिड़ी भीषण जंग



नई दिल्ली। डायरेक्टर अयान मुखर्जी की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' का ट्रेलर आखिरकार लंबे इंतजार को बाद रिलीज हो ही गया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट और एक्टर रणबीर कपूर की ये फिल्म सिल्वर स्क्रीन पर अपना जादू चलाने को तैयार है।

ट्रेलर रिलीज के पहले ही इसको लेकर सोशल मीडिया पर अच्छा खासा बज देखने के मिला। वहीं अब अयान मुखर्जी की फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। फिल्म के ट्रेलर में शिवा बने रणबीर कपूर का जबरदस्त और अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' का ट्रेलर आपके रोंगटें खड़े कर दगा। ट्रेलर की शुरूआत ही महानायक अमिताभ बच्चन के दमदार और गरजती हुई आवाज के साथ होती है। ट्रेलर में शुरूआत में जिस तरह से आग और अस्त्रों-शस्त्रों के विजुअल दिखाए गए हैं वो किसी को भी पलके न झपकानें पर मजबूर कर सकता है। वीडियो में अमिताभ बच्चन कहते हैं, 'अग्नी, जल, वायु, प्राचीन काल से हमारे बीच कुछ ऐसी शक्तियां हैं जो अस्त्रों में भरी हुई हैं। ये कहानी है इन सारे अस्त्रों के देवता की 'ब्रह्मास्त्र'। और एक ऐसे नवजवान की जो इस बात से अंजान है कि वो 'ब्रह्मास्त्र' के किस्मत का सिकंदर है 'शिवा'।'

**फिल्म के ट्रेलर में शिवा बने रणबीर कपूर का जबरदस्त और अलग अंदाज देखने को मिल रहा है।**

इसी के बाद ही वीडियो में आलिया भट्ट की एंट्री दिखाते हैं। इसके बाद फिल्म में अक्किनेनी नागार्जुन और मौनी रॉय निगेटिव रोल में दिखते हैं। रिलीज होते ही ये धमाकेदार ट्रेलर यूट्यूब पर धमाल मचा रहा है। महज कुछ ही मिनट में इसे लाखों व्यूज मिल चुके हैं।


अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी इस सुपरनैचुरल साई-फाई फिल्म में रणबीर कपूर सुपर पावर शिवा के मुख्य किरदार में नजर आने वाले हैं, तो आलिया भट्ट ईशा की भूमिका में नजर आने वाली हैं।

ब्रह्मास्त्र में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के अलावा सदी के महानायक अमिताभ बच्चन, नागार्जुन और मौनी रॉय भी अहम किरदार में नजर आने वाली हैं। धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी ये फिल्म 09 सितंबर, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# दिलीप साहब के लिए सायरा बानो ने की भारत रत्न की मांग

**मुंबई।** सायरा बानो हाल ही में अपने पति दिलीप कुमार की तरफ से 'भारत रत्न डॉ अम्बेडकर अवॉर्ड' लेने पहुंची थीं। मंगलवार को हुए इस इवेंट में एक्ट्रेस अवॉर्ड लेते वक्त अपने पति को याद कर रो पड़ी। सायरा ने कहा कि वो अभी भी उनके साथ यहां हैं। साथ ही उन्होंने दिवंगत एक्टर को कोहिनूर बताते हुए कहा कि उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया जाना चाहिए। पैपराजी अकाउंट द्वारा शेयर किए गए वीडियो में सायरा यूनियन मिनिस्टर रामदास अठावले से अवॉर्ड लेती दिख रही हैं। इसके बाद जैसे ही रामदास अठावले ने दिलीप कुमार के बारे में बात की, सायरा रो पड़ीं। सायरा ने कहा कि यही वजह है वो कोई इवेंट अटेंड करना पसंद नहीं करती, क्योंकि इवेंट्स उन्हें इमोशनल फील करवाते हैं।

सायरा ने इवेंट में प्रेस से बात करते हुए कहा, दिलीप साहब हिंदुस्तान के कोहिनूर रहे हैं। उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। वह अभी यहीं हैं। मेरी यादों में नहीं बल्कि सच में वह मेरे हर कदम पर मेरे साथ है। क्योंकि इसी तरह सोच कर मैं अपनी जिंदगी जी रही हूं। मैं ऐसा कभी नहीं समझूंगी कि वो यहां नहीं हैं। वो मेरे पास हैं, हमेशा मेरा सहारा बनकर रहेंगे। मेरा कोहिनूर।ः दिलीप कुमार को हाल ही में 'भारत रत्न डॉ अम्बेडकर अवॉर्ड' के लिए नामांकित किया गया था। सायरा उनकी ओर से अवॉर्ड लेने मुंबई में एक इवेंट में पहुंची थीं। दिलीप कुमार का 98 साल की उम्र में निधन 7 जुलाई 2021 को हुआ था। वो लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे थे।



# ब्रेस्ट कैंसर के ट्रीटमेंट के बीच महिमा चौधरी ने किया नया पोस्ट



90 के दशक में अपनी खूबसूरती के चलते हर किसी का दिल जीतने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस महिमा चौधरी इन दिनों ब्रेस्ट कैंसर जैसी घातक बीमारी जूझ रही हैं। महिमा ने अपनी इस बीमारी का शॉकिंग खुलासा कर फैंस को चौंका दिया था। महिमा ने एक वीडियो हाल ही में एक्टर अनुपम खेर के साथ शेयर कर अपनी इस बीमारी के बारे में फैंस को जानकारी दी थी। इस खबर ने हर किसी को हैरान कर दिया था। वीडियो में महिमा का लुक इनता बदला था कि उन्हें पहचान पाना हर किसी के लिए काफी मुश्किल हो रहा था। वहीं अनुपम ने महिमा को ब्रेस्ट कैंसर से लड़ने वाली हीरो बनाया था। वहीं अब महिमा का एक नया वीडियो आया है, जिसे खुद एक्ट्रेस ने शेयर किया है। इस वीडियो में फिर से महिमा अपने पहले वाल लुक में ही नजर आ रही हैं।


### नए लुक में देख खुश हुए फैंस

महिमा चौधरी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना एक नया वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में महिमा का नया लुक देख फैंस काफी खुश हैं। साथ ही महिमा ने इस वीडियो के जरिए अपने शुभचिंतकों, दोस्तों और खास तौर पर अनुपम खेर को धन्यवाद दिया है। वीडियो में आप देख सकते हैं कि महिमा ने विग लागा रखा है। इस विग में उनका नैचुरल लुक जा सकता है। इस दौरान वह कहती हैं- 'मैं आप सभी को धन्यवाद कहना चाहती हूं जिन्होंने बीते दिनों मुझे प्यार और शुभकामनाएं भेजीं। कुछ ने तो मेरा नंबर भी सर्च कर मुझसे संपर्क करने की कोशिश की। मैं इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और ईमेल पर सभी को पर्सनली मैसेज कर रही हूं और इसके बाद भी मैं इस प्लेटफॉर्म पर आकर आप सभी को थैंक्यू कहना चाहती थी।'

### टीना अंबानी को कहा शुक्रिया

महिमा ने मुंबई स्थित धीरूभाई कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल में अपनी जांच करवाई है। वहीं एक्ट्रेस इस हॉस्पिटल के लोगों को शुक्रिया कहना नहीं भूलीं। उन्होंने यहां के डॉक्टर्स, प्लास्टिक सर्जन, नर्स को धन्यवाद दिया है। साथ ही महिमा ने खास तौर पर टीना अंबानी का नाम लेते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है।

# ब्लड से जुड़ी ये 6 बीमारियां हो सकती हैं जानलेवा



दुनियाभर में 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद लोगों तक ज्यादा से ज्यादा ब्लड और उससे जुड़ी जानकारियां पहुंचाना है। खून हमारे लिए कितना जरूरी है, इसकी अहमियत तब समझ आती है जब हमारे किसी करीबी को इसकी जरूरत पड़ती है। कई बार खून की कमी या उसमें खराबी की वजह से कई बीमारियां हो सकती हैं। ऐसे में इनके लक्षण पहचानकर इनसे बचाव करना बेहद जरूरी होता है।

### खून की खराबी के प्रकार :

जब हमारे शरीर में खून की कमी होने लगती है तो हमें कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसा ही कुछ रक्त विकार में होता है। इस दौरान खून सही तरीके से काम नहीं कर पाता है जिसके चलते कई बीमारियां होने का खतरा रहता है।

### 1- न्यूट्रोपेनिया

न्यूट्रोपेनिया एक तरह से सफेद रक्त कोशिका की कमी है, जिसके चलते आपका इम्यून सिस्टम प्रभावित होता है। इम्यून सिस्टम कमजोर होने की वजह से कई संक्रामक बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। इम्यून सिस्टम कमजोर होने पर मरीज को बेहद थकान महसूस होती है। इससे बचने के लिए जिंक और विटामिन सी वाले खाद्य पदार्थ खाएं।

### 2- एनीमिया :

एनीमिया में रेड ब्लड सेल्स की संख्या कम होने लगती है। इसकी वजह से शरीर के ऊतकों में पर्याप्त मात्रा में आरबीसी नहीं पहुंच पाती। एनीमिया के चलते बेहद कमजोरी महसूस होती है। RBC काउंट बढ़ाने के लिए खाने में आयरन, फॉलिक एसिड, विटामिन B12, कॉपर, और विटामिन A, वाली चीजें खाने में शामिल करें।

### 3- थ्रोम्बोसाइटोसिस :

थ्रोम्बोसाइटोसिस में खून में प्लेटलेट्स की संख्या जरूरत से कहीं ज्यादा बढ़ जाती है। इससे कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। कई बार इसके चलते रक्त के थक्के नहीं बन पाते हैं, जिसके चलते ब्लीडिंग होने लगती है। इस बीमारी में त्वचा का फटना, नाक-मुंह और मसूड़ों से खून आना जैसे लक्षण होते हैं। थ्रोम्बोसाइटोसिस में अस्थि मज्जा द्वारा प्लेटलेट उत्पादन को घटाने के लिए हाइड्रोक्सीयूरिया या एनाग्रेलाइड जैसी दवाएं दी जाती हैं।

### 4- ब्लड क्लॉटिंग :

कई बार रक्त विकार के चलते खून के थक्के जमने लगते हैं। यानी खून गाढ़ा होने लगता है। अगर खून जमने की स्थिति दिमाग में होती है तो इससे स्ट्रोक आने का खतरा रहता है। यही अगर हार्ट में हो तो हार्ट अटैक हो सकता है। खून गाढ़ा होने की स्थिति में अपने डॉक्टर से सलाह लेने के बाद ही दवाएं लें।

### 5- ल्यूकेमिया :

यह ब्लड कैंसर का ही एक प्रकार है। इसमें सफेद रक्त कोशिका असामान्य रूप से फैलकर घातक हो जाती है और अस्थि मज्जा के अंदर बढ़ जाती है। यह एक्यूट और क्रोनिक दोनों तरह का हो सकता है। ल्यूकेमिया के इलाज के लिए कीमोथेरेपी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट का उपयोग किया जाता है।

### 6- हीमोफीलिया :

हीमोफीलिया एक जेनेटिक बीमारी है, जिसमें खून का थक्का बनना बंद हो जाता है। जिन लोगों को हीमोफीलिया होता है उनका खून ज्यादा समय तक बहता रहता है। इसके मरीजों को नाक से खून बहना, मसूड़ों से खून निकलना, चमड़ी का आसानी से छिल जाना जैसी समस्याएं रहती हैं। थक्का बनाने के लिए डॉक्टर से सलाह लेकर ही दवा लें।

# एक जुलाई से प्लास्टिक पर प्रतिबंध की तैयारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर सहित देश भर में सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) से बने 19 उत्पाद एक जुलाई से पूर्णतया प्रतिबंधित हो जाएंगे। हालांकि, इन पर प्रतिबंध की तैयारी आधी-अधूरी ही नजर आती है। पर्यावरण की टीमें ऐसे उत्पादों को जब्त तो करेंगी, लेकिन इनका इको फ्रेंडली विकल्प अभी बाजार में है ही नहीं। इसके विकल्प के रूप में स्टील, गिलास, सिरेमिक, बांस को देखा जा रहा है। ऐसे में सिंगल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण को बचाने की लड़ाई कितनी निर्णायक साबित हो पाएगी। इस पर कुछ भी कहा नहीं जा सकता है।



जिलों के डीएम को 30 जून तक अपने क्षेत्राधिकार में सिंगल यूज प्लास्टिक का स्टाक खत्म करने के निर्देश हैं। इसके लिए सभी उत्पादकों, स्टाकिस्ट, रिटेलर, दुकानदार ई-कामर्स कंपनियों, स्ट्रीट वेंडर, माल, मार्केट, शापग सेंटर, सिनेमा हाल, टूरिस्ट लोकेशन, स्कूल, कालेज, अस्पताल, अन्य संस्थानों व आम लोगों से इन उत्पादों के प्रयोग, वितरण और बिक्री पर रोक लगाने को कहा गया है। दूसरी तरफ कार्रवाई के लिए जिला स्तर पर डीपीसीसी ने उड़न दस्तों का गठन कर दिया है।इन पर लगेगा प्रतिबंधप्लास्टिक स्टिक वाले ईयर बड, गुब्बारे में लगने वाली प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम स्टिक, सजावट में काम आने वाले थर्माकोल, प्लास्टिक कप, प्लेट, गिलास, कांटा, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, ट्रे जैसी कटलरी आइटम, मिठाई के डिब्बों पर लगाई जाने वाली प्लास्टिक, प्लास्टिक के निमंत्रण पत्र, सिगरेट पैकेट और 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले पीवीसी बैनर इत्यादि शामिल हैं।

> एक जुलाई से सरकार की सख्ती शुरू हो जाएगी। जहां कहीं भी यह 19 आइटम मिलेंगे, जब्त कर लिए जाएंगे। इन इनका उत्पादन होगा और न ही आपूर्ति। जब यह सामान मिलेगा ही नहीं तो बाजार में वैकल्पिक व्यवस्था बनाने का दबाव भी बढ़ेगा। धीरे धीरे इनके विकल्प भी आने शुरू हो जाएंगे।
>
> -डा. के एस जयचंद्रन, विशेष सचिव (पर्यावरण), दिल्ली सरकार

गैर सरकारी संगठन टाक्सिक लिंक के एक अध्ययन में बताया गया है कि दिल्ली में इस्तेमाल होने वाली ज्यादातर सिंगल यूज प्लास्टिक वेस्ट (कचरा) इन्फार्मल सेक्टर (री-साइकिलिंग प्लांट की जगह अन्य जगहों पर पहुंचने वाले कचरे) में जा रहा है। काफी प्लास्टिक ऐसा भी हैं, जिसे लेने के लिए कोई तैयार नहीं है। इनमें खाने के सामान के पैकेट, नूडल्स के पैकेट, बिस्किट और चिप्स के मल्टी लेयर पैकेट शामिल हैं।

इस प्लास्टिक कचरे का दोबारा इस्तेमाल ठीक नहीं है। सर्वे में यह भी पाया गया है कि री-साइकलिंग प्लांट भी दवाइयों और बिस्किट की पैकिंग के पाउच और ट्रे लेने के लिए तैयार नहीं होते। इनका महज 20 प्रतिशत हिस्सा ही रीसाइकलिंग प्लांट तक पहुंचता है। दिल्ली के सिंगल यूज प्लास्टिक वेस्ट में शैंपू, बाडी वाश, पेन, पेट बाटल की मात्र काफी अधिक है। टाक्सिक लिंक के मुताबिक, प्लास्टिक लैंडफिल साइट में मिट्टी, पानी को प्रदूषित कर रही है।

## सिखों के कातिलों को सजा दिला रही है भाजपा सरकार

**नई दिल्ली।** सिख विरोधी दंगे के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए लड़ाई लड़ने वाले भाजपा नेता कुलदीप सिंह भोगल ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार सिखों के हित में काम कर रही है। भाजपा की सरकार बनने के बाद 1984 के सिख विरोधी दंगे के दोषियों को सजा मिल रही है। कानपुर में सिखों की हत्या करने वाले चार लोग पकड़े गए हैं।





प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि 1984 में कानपुर में 127 सिख मारे गए थे, लेकिन उस समय की कांग्रेस सरकार मृतकों का नाम बाहर नहीं आने दी थी। जब वहां भाजपा की सरकार आई और राजनाथ सिंह मुख्यमंत्री बने तो मरने वाले सिखों के नाम सार्वजिक किए गए। उसके बाद पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की लड़ाई शुरू हो सकी। वर्ष 2014 में केंद्र में मोदी की सरकार बनने के बाद न्याय दिलाने की लड़ाई में तेजी आई।उत्तर प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन हुआ, लेकिन गवाहों को पेश करना बड़ी चुनौती थी। किसी तरह से गवाहों को पेश किया गया और सिखों की हत्या करने वाले 60 लोगों की पहचान हो सकी। एसआइटी का कार्यकाल चार माह के लिए बढाया गया है और चार आरोपितों की गिरफ्तारी हो गई है। उम्मीद है कि जल्द ही अन्य आरोपित भी पकड़े जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि मोदी व योगी की सरकार नहीं बनती तो सिखों के गुनहगारों को सजा नहीं मिलती। दिल्ली में हुए दंगों के लिए दोषी सज्जन कुमार आज जेल में हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने विश्वास दिलाया है कि सिखों के खिलाफ दंगे के सभी दोषियों को सजा दिलाना सरकार का काम है।

## जेलों के भीतर पढ़ाएंगे दिल्ली के अतिथि शिक्षक

### शिक्षा निदेशालय ने 48 अतिथि शिक्षकों की लगाई इयूटी

**नई दिल्ली।** राजधानी के सरकारी स्कूलों में कार्यरत अतिथि शिक्षक अब छात्रों के साथ-साथ कैदियों के भी गुरु बनेंगे। दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में परिपत्र जारी करते हुए कुल 48 अतिथि शिक्षकों की ड्यूटी लगाई है, जो दिल्ली के विभिन्न जेलों में बंद कैदियों की कक्षाएं लेंगे। ये शिक्षक प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के आधार पर नामांकित कैदियों को नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाएंगे। साथ ही उन्हें अक्षर और अंक के ज्ञान के साथ-साथ खेल और अन्य तकनीक का ज्ञान भी देंगे। इसके लिए शिक्षा निदेशालय ने कुल 32 टीजीटी शिक्षक हंदिृ, अंग्रेजी और सामाजिक विज्ञान पढ़ाने और 16 खेल (पीईटी) शिक्षकों को शारीरिक शिक्षा की कक्षाएं लेने के लिए नियुक्त किया है। शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में सभी प्रधानाचार्यों को परिपत्र जारी करते हुए कहा कि शिक्षकों की ये ड्यूटी अस्थायी है। विभिन्न जेलों में उनकी ड्यूटी खत्म होते ही अतिथि शिक्षकों को अपने संबंधित स्कूल में वापस लौटना पड़ेगा। लोकतांत्रिक अध्यापक मंच के अध्यक्ष कृष्ण कुमार फोगाट ने बताया कि अप्रैल में निदेशालय ने इस कार्य के लिए नियमित शिक्षकों की ड्यूटी लगाई थी, लेकिन स्कूली छात्रों की कक्षाओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षा निदेशक से नियमित शिक्षक को इस ड्यूटी से कार्यमुक्त करने की मांग की थी। जून में निदेशालय ने नियमित शिक्षकों की जगह अतिथि शिक्षकों की ड्यूटी लगाई है।




शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए अतिथि शिक्षकों से सभी कैदियों को अत्यधिक लाभ होगा। यहां पर शिक्षक सप्ताह में दो दिन कैदियों को पढ़ाने आते हैं। फिलहाल सभी जेलों में कुल 19500 कैदी हैं। इनमें से 18 हजार विचाराधीन और 1500 दोषी कैदी है। 90 प्रतिशत से अधिक विचाराधीन कैदी इन कक्षाओं से जुड़े हैं। माध्यमिक शिक्षा के लिए करीब 366 कैदियों, प्राथमिक शिक्षा के लिए 577 कैदियों, खेल शिक्षा के लिए 678 कैदियों और तकनीकी शिक्षा के लिए 428 कैदियों ने नामांकन किया है।

*- संदीप गोयल, महानिदेशक, तिहाड़ जेल*

### दावे एवं आपत्तियों का निपटारा संबंधित निर्वाचन अधिकारी 28 जून को करेंगे

# मतदाता सूचियों का प्रारंभिक ड्राफ्ट प्रकाशन किया

फरीदाबाद। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जितेंद्र यादव ने पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को लेकर मतदाता सूचियों का पंच वार्डो के अनुसार प्रारंभिक ड्राफ्ट प्रकाशन 15 जून बुधवार को जारी कर दिया गया। इस ड्राफ्ट को लेकर 21 जून की शाम तक अपनी आपत्ति व दावे दायर कर सकते हैं।



जिला निर्वाचन अधिकारी ने पंचायत राज चुनाव को लेकर पंचायत समितियों के वार्डो के अनुसार प्रारंभिक ड्राफ्ट प्रकाशन से पहले राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव की पहली जनवरी-2022 को क्वालीफाइंग तिथि मानकर 16 मई को विधानसभा क्षेत्र के अनुसार जारी की गई मतदाता सूचियों को पंच, पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के वार्डों में बांट दिया है। सभी वार्डों की मतदाता सूचियों की ड्राफ्ट सूची 13 जून को जारी की गई।

15 जून को इन सूचियों का प्रारंभिक ड्राफ्ट प्रकाशन किया गया। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए विधानसभा चुनाव की मतदाता सूची में नाम दर्ज होना जरूरी है। प्रारंभिक ड्राफ्ट प्रकाशन पर आपत्तियां एवं दावे 21 जून की शाम के चार बजे तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। इन दावों एवं आपत्तियों का निपटान संबंधित निर्वाचन अधिकारी 28 जून को करेंगे। यदि कोई निवार्चन अधिकारी के निर्णय से संतुष्ट नहीं है, तो वह उनके फैसले विरुद्ध पहली जुलाई तक जिला निर्वाचन अधिकारी के पास अपील दायर कर सकता है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा इन अपीलों का निपटान छह जुलाई तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का फोटो युक्त अंतिम प्रकाशन 22 जुलाई को किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने कहा कि पंचायत राज संस्थाओं की वोटर लिस्ट में नाम शामिल करवाने के लिए विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम शामिल करवाना अनिवार्य है। जो युवा या व्यक्ति पंचायती राज संस्थाओं में अपने मत का प्रयोग करना चाहते हैं, वह आंगनबाड़ी, पंचायत एवं खंड कार्यालय और जिला परिषद के कार्यालय में अपना आवेदन जमा करा सकते हैं।

## पैमाइश के बाद चलेगा अवैध फार्म हाउस पर बुलडोजर

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-151 स्थित कोंडली बांगर गांव में अवैध फार्म हाउस के मामले में जिलाधिकारी की फटकार के बाद तहसील सदर की टीम हरकत में आई है। टीम ने डूब क्षेत्र में सरकारी जमीन की पैमाइश की। तहसील प्रशासन का कहना है कि सरकारी जमीन की पैमाइश का काम पूरा होने के बाद अतिक्रमण हटाए जाएंगे। संबंधित भूमाफिया के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। कोंडली बांगर गांव के डूब क्षेत्र में अवैध फार्म हाउस बनाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिला प्रशासन से की है। आरोप है कि तहसील प्रशासन की मदद से भूमाफिया ग्रामीणों की जमीन पर कब्जा कर अवैध फार्म हाउस बना रहे हैं। भूमाफिया ने करीब 300 बीघा सरकारी जमीन पर भी कब्जा कर लिया है।

# 15 दिन में शुरू होगा वैशाली से आनंद विहार तक की सुरंग का काम

**गाजियाबाद**। दुहाई डिपो में पहली रैपिड रेल पहुंच जाने के बाद ट्रैक बिछाने के साथ ही सुरंग (टनल) की खोदाई के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। वैशाली से आनंद विहार तक की दो किलोमीटर लंबी भूमिगत सुरंग की खोदाई अगले 15 दिनों के भीतर ही शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए 90 मीटर लंबी विशालकाय टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) सुदर्शन को तैयार किया गया है। मशीन हिस्सों में लाई गई थी, इन्हें जोड़ लिया गया है।




नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एनसीआरटीसी) के इंजीनियरों और कर्मचारियों की टीम इसे बड़ी कामयाबी मान रही है। टीबीएम को पहले लंबी प्रक्रिया के तहत बड़े शाफ्ट (गड्ढे) में उतारा गया। फिर शॉफ्ट में ही टनल रिंग की सात श्रेणियों को जोड़ने (असेंबल करने) का काम पूरा किया गया। अब परीक्षण करके देखा जा रहा है कि मशीन ठीक से काम कर रही है या नहीं। परीक्षण पूरा होते ही खोदाई शुरु कर दी जाएगी। सुरंग की खोदाई में तीन से चार महीने का समय लगने का अनुमान है। इस सुरंग से होकर रेल को जून 2024 में गुजरना है।

यह सुरंग साहिबाबाद से सराय काले खां के रूट के बीच में है। यहां रैपिड रेल तीसरे चरण में चलाई जानी है। रैपिड रेल के लिए दो जगह सुरंग की खोदाई पहले से चल रही है। एक मेरठ शहर में खोदी जा रही है। दूसरी आनंद विहार से न्यू अशोक नगर, नई दिल्ली तक। यह तीन किलोमीटर लंबी है। एनसीआरटीसी के सीपीआरओ पुनीत वत्स का कहना है कि दोनों सुरंग की खोदाई तेजी से की जा रही है। रैपिड के भूमिगत भाग में ट्रेनों के आने जाने केलिए अलग-अगल जुड़वां सुरंग का निर्माण किया जा रहा है। ट्रेनों के आवागमन के लिए अलग सुरंग होने से सुरक्षा उपायों को आसानी से लागू किया जा सकेगा। भूमिगत सुरंग में यात्रियों की सुरक्षा के लिए आपातकालीन निकास के हर 250 मीटर पर प्रबंधन किया गया है। सुरंग का डिजाइन 100 साल की अवधि वाला होगा।

### सात दिन में जोड़े जाएंगे रेल के कोच

गुजरात के सांवली प्लांट से दुहाई डिपो लाए गए रैपिड रेल के कोच को अभी जोड़ा नहीं गया है। फिलहाल ट्रैक का काम तेजी से किया जा रहा है। इसके पूरा हो जाने के बाद सभी छह कोच को आपस में जोड़ा जाएगा। यह काम अगले सात दिन में किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

# साहिबाबाद गांव में पार्क के निर्माण का शुभारंभ

**गाजियाबाद**। साहिबाबाद गांव में पार्षद हिमांशु चौधरी ने पार्क के निर्माण का शुभारंभ किया। गुरुवार को पार्क के निर्माण कार्य का भूमि पूजन पार्षद हिमांशु चौधरी के द्वारा विधि-विधान से कराया। पार्षद हिमांशु चौधरी ने बताया कि काफी समय से लोग पार्क का निर्माण नहीं होने से परेशान थे। अब पार्क विकसित होने से इलाके के लोगों को काफी राहत मिलेगी। भूमि पूजन समारोह मे आये ग्राम वासियों ने पार्षद हिमांशु चौधरी के कार्यों की जमकर प्रशंशा की।



वही इस मौके पर ग्राम के प्रमुख निवासी गुंजन श्रीवास्तव, लोकेंद्र चौधरी, वेद प्रकाश चौधरी, बिजेंद्र चौधरी, भगवान चौधरी, राजू, संतोष मिश्रा, सरवन झा, संतोष झा, कुमरपाल चौधरी, श्रीकांत अग्निहोत्री, कुनाल दुबे, मोनू चौधरी, विकास भाटी, विकास चौधरी, स्वराज सिंह, नरेश, राजवीर चौधरी, प्रमोद कौशिक, धर्मेंद्र आदि मौजूद रहें।

# प्लास्टिक की बोतल में पानी देने पर उठे सवाल

**गाजियाबाद**। बढ़ते प्रदूषण की वजह से विश्व के शीर्ष पांच शहरों में गाजियाबाद शामिल है। ऐसा न हो, इसके लिए प्लास्टिक के उत्पाद का कम इस्तेमाल करने के निर्देश हैं। लेकिन मंगलवार को कलक्ट्रेट में समीक्षा बैठक लेने पहुंचे उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष सहित अन्य को पीने के लिए प्लास्टिक की बोतल में पानी दिया गया, जिस पर सवाल उठे तो अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त की।



उन्होंने पूछा कि यह गलती कैसे हो गई? जवाब में अधिकारियों ने चुप्पी साध ली और तुरंत कुल्हड़ में पानी मंगाया गया। यूपी माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि देशप्रेम की भावना को बढ़ावा देने के लिए देश की मिट्टी को होंठो तक ले जाने का कार्य कुल्हड़, घड़ा सहित अन्य उत्पाद बनाने वाले कामगार और प्रजापति समाज के लोग करते हैं। इसलिए मिट्टी के बर्तन का इस्तेमाल ज्यादा करना चाहिए, इससे पर्यावरण संरक्षण भी होता है और लोगों की सेहत अच्छी रहती है। उन्होंने कहा कि चाइनीज सामान पर निर्भरता कम रहे, इसके लिए भी मिट्टी के बर्तन के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, यही उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड के गठन का उद्देश्य है।

14 कामगारों को निश्शुल्क दिया विद्युत चलित चाकः समीक्षा बैठक के बाद उन्होंने मिट्टी के बर्तन बनाने वाले प्रजापति समाज के लोगों और कामगारों की समस्याएं सुनी और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान 14 कामगारों को विद्युत चलित चाक का निश्शुल्क वितरण किया।

छह कामगारों को मिट्टी की उपलब्धता के लिए पट्टे पर जमीन दी गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ऋतु सुहास, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण विभाग की परियोजना निदेशक पीएन दीक्षित, एसडीएम सदर विनय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# आरएचएएम फाउंडेशन ने टीबी से ग्रसित...





(पेज 01 का शेष) डॉ धीरज कुमार भार्गव का कहना है कि आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयनेस मिशन की ओर से गाजियाबाद के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर 500 बच्चों को गोद लिया गया है।

नोएडा में भी टीबी से ग्रसित बच्चों को गोद लेकर बीमारी से बचाव के लिए बेहतर काम किया जा रहा है। आगे भी टीबी से बचाव के लिए आरएचएएम फाउंडेशन स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से डीटीओ डॉ श्रीचंद, डीएमओ,रोटरी क्लब दिल्ली ईस्ट एंड की अध्यक्ष रेणुका झा, अंजली बावा, रोटरी क्लब गाजियाबाद सेफरोन से कुनिका भार्गव, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर से प्रतीक भार्गव, रो अपूर्व राज, रोटरी क्लब ऑफ प्रित विहार से रो वीटा गुप्ता, रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन से दयानंद शर्मा आदि ने कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाई। इस मौके पर ट्रेजरार मनीषा भार्गव, रो अपूर्वराज, डॉ सुनील शर्मा, नरोत्तम अग्रवाल,विजय भूषण और आरएचएएम फाउंडेशन विक्रम व इंदर आदि मौजूद रहे।

# पानी की मेन लाइन लीकेज होने से जमीन धंसने की आशंका

**गाजियाबाद**। नंदग्राम ब्लॉक आर, जैन मंदिर के पास पत्रकार वाली गली में मकान संख्या-114 और 119 के सामने करीब तीन महीने से पानी की मुख्य लाइन लीकेज है और नीचे की तरफ से जमीन बैठने लगी है। इस लीकेज से सटा हुआ सीवर लाइन का चैंबर भी है और किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। अगर नगर निगम इसी तरह लापरवाह बना रहा तो किसी दिन इस पॉइंट पर कोई बड़ा हादसा हो सकता है।



इसकी पूरी जिम्मेदारी निगम प्रशासन और निगम अधिकारियों की होगी। इस पॉइंट के आसपास बच्चे भी खेलते रहते हैं और किसी दिन भी बच्चा गढढे में गिर सकता है। निगम अधिारियों की इसी लापरवाही के चलते इसी इलाके में पिछले साल पांच कर्मचारियों के सीवर के गड्ढे में गिरने से मौत हो गई थी। इन सबके बावजूद निगम अधिकारी अपनी आखों पर पटटी बांधकर बैठे हुए हैं। लीकेज की समस्या का जल्द से जल्द समाधान कराया जाए।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargav at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. Editor: Dheeraj Kumar, Resident Editor: Manisha Bhargava** Email: editor@tbam.co.in (RNI. No): UPBIL/2009/28691 Postal Registration No. UP/GBD80/2016- 18. Advertisement : Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, Fax : 0120-4561000 at Plot No 516, Sector 12: Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.